R. P. XI



**International Journal of Management, Administration, Leadership & Education**

*A Refereed, Multidisciplinary, International Journal*

**Edition:** Vol. 5 (No. 1), January - June, 2019 Part- II

**ISSN:** 2394-661X

**Periodicity:** Bi Annual

## *Publisher:*

**Academic Avenue**
C-13, Shop No. 2/GF, East Uttam Nagar, New Delhi - 110059
Mobile: +91- 9999133242, 9999918067
e-mail : academicavenue76@gmail.com
website: www.academicavenuepub.com

**Copyright © Publisher.**

No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted in any form or by any means, electronic, electrostatic, magnetic tape, mechanical, photocopying, recording, or otherwise without permission from the copyright holder.

Permission for other use: The copyright owner's consent does not extend to copying for general distribution, for promotions, for creating new works, or for resale. Specific written permission must be obtained from the publisher for such copying.

International Journal of Management, Administration, Leadership & Education is published bi-annually by the Harish Narang.



165

# The Archives of the Marginalized: Deconstructive Retention of Social Consciousness

**Dr. C. V. Babu**
Department of Philosophy, Zakir Husain College, Delhi

Every society has got its historical back up to move forward learning from the past and envisioning its future. Planning of future becomes efficient based on the lessons learned from the past. It is generally said that if the lessons of history is learned then the mistakes of past need not be repeated. To a great extent it is that what makes history a progressive process intervened by human volunteer actions. Countries and communities develop as there is effective planning based on this learning process. Consequently every community is eager to collect information related to its past activities and their consequences and also its impact in the contemporary period as events unfolding on their own. Whichever community is inefficient in this process inevitably stays backward and goes downtrodden with the incapability of efficient learning from its past and effective planning for its future.

The down trodden communities in India were crucially marginalized in to this effect with the traditional cultural background of being deprived of access to educational process being considered as outcastes and untouchables by the majority communities. It gave rise to their historical backwardness in social mobilization and organized activities for the betterment of future. This cultural hangover facilitated the main stream communities for effective exploitation of the marginalized communities.

However, the present scenario shows a different picture of new educational activities among the members of the Indian aboriginal communities. It has got accelerated by the intervention of digital media, multimedia, and other educational technologies. It initiated the new process of archiving the marginalities with a view of deconstructing the

R. P. XII

○ Year : 3 ○ Issue : 11 ○ January 2019 ○ ISSN : 2456-0898

# GLOBAL THOUGHT
# ग्लोबल थॉट

(MULTI DISCIPLINE MULTI LANGUAGE RESEARCH JOURNAL)

## (An International Refereed Quarterly Research Journal)

(A Scholarly Peer Reviewed Journal)

*Special Note :*

***Anti national thoughts are not acceptable.***

*Patron :*

**Prof. M.M. Agrawal**

*(Former Dean, Arts Faculty & H.O.D. Sanskrit, University of Delhi, Delhi)*

**Prof. D.S. Chauhan**

*(Former H.O.D. Sanskrit, Magadh University, Bodhgaya, Bihar)*

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक रूपेश कुमार चौहान द्वारा 47, ए-3 ब्लॉक, गली नं. 5, धर्मपुरा एक्सटेंशन, (नजदीक संकट मोचन मंदिर), पी.एस. नजफगढ़, दिल्ली से प्रकाशित एवं डॉल्फिन प्रिंटोग्राफिक्स, 4 ई/7, पाबला बिल्डिंग, झंडेवालान् एक्सटेंशन, नई दिल्ली में मुद्रित।

सम्पादक-रूपेश कुमार चौहान

Ph. 09555222747, 9267944100, 9555666907

175

Research Paper



Dr. C. V. Babu

# Being and Keyhole

Sartre in *Being and Nothingness,* as addressing the issue of the other exposing the experiential elements involved in it, discloses the look of the other as radiating from the eyes of the other.

It is an experience of anybody as the apprehender of the look and that can be of only a subject as the other. Even if the other can be considered only as an object, the look of the other can be apprehended only as of a subject. The look radiating from the eyes of other is the experience of being seen by the other. It means the apprehension of the look of the other reveals not only as being seen but also seen by a subject. It is beyond mere probability of the other as a drain hole because the world flowing to it is still a possibility and even if it is granted as a subject it is only probable that the other is actually looking at the surrounded objects. But the look radiating from the eyes of the other is a fact of everyday experience of being seen by a subject. Being seen by the other means being seen by a subject. In order to show this fact Sartre is extending the theory of drain hole to the theory of keyhole showing the radical experience of the other as a subject.

Sartre describes the experience of the flow of the self to the other as a radical matter of evidence of the other a s a subject. Unraveling this experience Sartre comes to the notion of being of the keyhole. It is with reference to certain possibilities of being as jealous or pride. These possibilities are realized in accordance with certain objective ensemble complex. Sartre calls it a situation. It is a keyhole in the sense that it has the potentiality of absorbing the being as a blotting paper that sucks ink. This potentiality is realized in accordance with the possibility of being. In such situations one becomes selfless due to nothingness as one transcending to oneself.

In a keyhole situation consciousness is merely pure consciousness of things themselves having no presence of the other. It starts to flow into keyholes so that its own possibility be realized.

Sartre is depicting a situation having the potentiality of realizing the possibility of jealousy that the pure consciousness of things is which, automatically flows through the keyhole as an effect towards its cause in reverse process of causation with the expectation of a spectacle behind the keyhole. In such an occasion there can be a sudden shift in the very reverse process of causation by means of the experiential element of the other.

A look is generally considered as connected with a sensible structure of union of two optical globes. Sartre says, there is no determined form that a look is connected with. Look can be given even by certain occasions like the sound of footsteps followed by silence, the slight opening of a shutter, a light movement of a curtain, rustling of branches of a tree, etc. The look is first the intermediary that refers from the apprehender to himself or herself as being seen rather than to the other.[1] Sartre gives a detailed description of the nature of intermediary of the look of the other showing the sense of being seen. A look is not defined by means of eyes because they are only a support for a look that they are not first apprehended as a sensible organ of vision.[2] The above mentioned occasions

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

Year : 8
Issue : 32 (Part-II)
April-June 2019
www.pramanaresearchjournal.com

यतेमहि स्वराज्ये

ISSN : 2249-2976

Impact Factor : 4.005

(Art, Humanity, Social Science, Commerce, Management, Law & Science Subjects)
(Indexed & Listed at : Ulrich's Periodicals Directory ©, ProQuest, U.S.A.)
(Indexed & Listed at : Copernicus, Poland)
(Indexed & Listed at : Research Bib, Japan)
(Indexed & Listed at : Indian Journal Index (IJINDEX)
UGC Approved List No. 41241

(International Refereed)

# Pramāna

## Research Journal

Editor-in-Chief
**Acharya (Dr.) Shilak Ram**

यावत् जीवेत् सुखं जीवेत्

# Acharya Academy

**Bharat**

**ISO 9001:2008**

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
website : www.pramanaresearchjournal.com
Impact Factor : 4.005

यतेमहि स्वराज्ये
ISSN : 2249-2976

# Pramāna

Research Journal

(Art, Literature, Humanity, Social Science, Commerce, Management, Law & Science Subjects)

*(Indexed & Listed at :*
Ulrich's Periodicals Directory ©, ProQuest. U.S.A.)
Copernicus, Poland
Research Bib., Japan
(Indexed & Listed at : Indian Journal Index (IJIND EX))
UGC Approved List Sl. No. 41241

Year : 8
Issue : 32(ii)
**Apr-Jun** 2019
www.pramanaresearchjournal.com

यावत् जीवेत् सुखं जीवेत्

# Acharya Academy, Bharat

## ISO : 9001-2008

साम्प्रदायिकता का अर्थ, इतिहास व सामाजिक समरसता का भाव
डॉ विनोद कुमार 174-179
धर्म; एक दार्शनिक आयाम
डॉ. राजेश कुमार त्रिपाठी 180-183
Collegium System and Independence of Judiciary: An Appraisal with special reference to Indian Judicial System
Sunil Kumar Sharma 184-194
Emerging Role of HRD Practices and its Impact on Organization Citizenship Behavior
Suman Lata, Prof. Nirmala Chaudhary 195-203
Analysis of Inter Sectoral Linkages in Economy of Haryana
Karan Singh 204-214
Role of Sports Nutrition in Performance Enhancement of Young Athletes
Balwant Singh 215-219
A Critical Survey of The Lokpal and Lokayukta ACT
Suresh Chand Gupta 220-225
Dalit Rights are Human Rights: Caste Discrimination, International Activism, and the Construction of a New Human Rights Issue
Shahzeen Afsar 226-232
FASTag - Changing the face of Toll Collection in India
Ramanjeet Kaur 233-239
Relevance of Swami Vivekananda's Philosophy of Practical Vedânta in The Present Times
Raj Kumar Singh, Prof. Pardeep Kumar 240-242
Female Reaction on Stress
Dr. Sinku Kumar Singh 243-247
In Quest of the History of Kamata in Eastern India
Binay Barman 248-254
Oversharing Personal Information
Anita Kumari 255-258
The Concept of Place in Malyalam Novel
Sarath B S 259-263
Securing Intellectual Property Rights in Food Industry: A Socio-Legal Aspect
Polaki 264-271
Decoding Hindu and Western Goddesses in Devdutt Pattanaik's '7 Secrets of the goddess' : A Study of Power Positions and cultural influences.
Sugandha 272-275

Pramāna
International Refereed

Impact Factor : 4.005

Research Journal (ISSN : 2249-2976)
Year-8, Issue-32(ii)(Apr.-Jun. 2019) (Page No. 180-183)

# धर्म ; एक दार्शनिक आयाम

डा राजेश कुमार त्रिपाठी
जाकिर हुसैन दिल्ली कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय

**शोध-आलेख सार**

धर्म के अभाव में सुव्यवस्थित समाज का निर्माण नही हो सकता है और ना पारलौकिक सुख की प्राप्ति हो सकती है । इसी कारण कहा गया है कि लोक और परलोक की सिद्धि जिस कारण हो वही धर्म है । धर्म के अनुपालन से समाज का निर्माण सम्भव है । समाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य का कर्तव्य है कि धर्म को अपना पुरूषार्थ स्वीकार करे जिससे स्वयं एवं समाज का कल्याण हो सके । हिन्दू नीतिशास्त्र में धर्म का महत्व बहुत ही व्यापक है । नियमित संयमित और सात्विक जीवन ही धार्मिक जीवन है । वास्तव में धर्म व्यक्ति के आचरण और व्यवहार की एक संहिता है जो अपने कर्मो देश काल और परिस्थिति के अनुसार नियंत्रित और नियमित करता है । भारतीय दर्शन में धर्म सम्बन्धित नियम व्यवस्था का विस्तृत विवरण मिलता है. आचार तथा सदाचार को धर्म का लक्षण माना गया है तथा धर्म आचार से ही फलीभूत होता है ।

**मुख्य-शब्द :** नैतिक आचरण, आचार और धर्म, विशेष धर्म, सामान्य धर्म, विधिवाक्य ।

यह सृष्टि एक है और विश्व में केवल एक सत्ता विद्यमान है, जो धर्म के उन सभी मूल्यों को तय करती है जिसमें नियत साहचर्य की प्रमुख भूमिका होती है । धर्म की व्याख्या भाषा के अनुसार निर्धारित करना प्रायः एक दुर्लभ कार्य है । धर्म की मान्यता अपने आप में अनन्त स्वरूप का मानदण्ड तय करती है । इस प्रपत्र मे धर्म के उन आयाम को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है, जिसमें धर्म का स्वरूप, अवधारणा तथा उसके नकारात्मक पहलू मुख्य हैं । धर्म का शाब्दिक अर्थ धारण करने योग्य कर्म से है । धर्म धृ धातु से बना है जिसका तात्पर्य है धारण करने वाला । धर्म की परिभाषा के रूप में यह व्यक्त किया गया है कि गिरते हुए मनुष्य का आधार बनते हुए जो उसको गिरने से रोकता है अथवा रक्षा करता है वही धर्म है , धर्म पर विश्व तथा विश्व धर्म पर आधारित है। धर्म सम्पूर्ण विश्व को धारण किए हुए है । धर्म के माध्यम से हमेशा इष्ट का कल्याण सिद्ध होता है जो सबको समान रूप से उदय कि तरफ अग्रसर करता है , तदोपरान्त कल्याण के मार्ग को प्रसस्त करता है उसे ही धर्म माना गया ।१ कर्तव्य का पालन शास्त्रों के अनुकूल कर्म की इच्छा ही धर्म है । लौकिक और पारलौकिक दृष्टि से धर्म को परम पुरूषार्थ माना गया है ।

धर्म के अभाव में सुव्यवस्थित समाज का निर्माण नही हो सकता है और ना पारलौकिक सुख की प्राप्ति हो सकती है । इसी कारण कहा गया है कि लोक और परलोक की सिद्धि जिस कारण हो वही धर्म है । धर्म के अनुपालन से समाज का निर्माण सम्भव है । समाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य का कर्तव्य है कि धर्म को अपना पुरूषार्थ स्वीकार करे जिससे स्वयं एवं समाज का कल्याण हो सके ।

हिन्दू नीतिशास्त्र में धर्म का महत्व बहुत ही व्यापक है । नियमित संयमित और सात्विक जीवन ही धार्मिक जीवन है । वास्तव में धर्म व्यक्ति के आचरण और व्यवहार की एक संहिता है जो अपने कर्मो देश काल और परिस्थिति के अनुसार नियंत्रित और नियमित करता है । भारतीय दर्शन में धर्म सम्बन्धित नियम व्यवस्था का विस्तृत विवरण मिलता है, आचार तथा सदाचार को धर्म का लक्षण माना गया है तथा धर्म आचार से ही फलीभूत होता है ।२

आचार और धर्म एक दूसरे का पूरक है , आचार को परम धर्म माना गया है मनु के अनुसार वेद तथा स्मृति में इसका उल्लेख मिलता है ।३

धर्म का आधार नैतिक नियम का सदाचरण है आचरणगत नियमों का पालन ही धर्म है जिसमें तीन प्रमुख कार्य हैं प्रथमतः नियंत्रण द्वितियक व्यक्तित्व का विकास तथा तृतीयक जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष के लिए व्यक्ति को तत्पर रहना । धर्म द्वारा मानव अपने कर्तव्यों और व्यवहारों को नियंत्रित करता है तथा वांछित कामनाओं की पूर्ति भी करता है । मनुष्य के कर्म, कर्तव्य और स्वभाव धर्म से ही संचालित होते हैं । धर्म प्रत्येक मनुष्य के कर्तव्य और अधिकार का अधिकार सिद्धान्त है । लौकिक उन्नति और पारलौकिक सुख की प्राप्ति धर्म से ही होती है । धर्म कर्तव्य की व्यवस्था का अभिव्यक्ति करता है । धर्म का सम्बन्ध मनुष्य का विश्वास दैनिक आचरण और व्यवहार उसकी आस्तिकता है ।

जिसमें मनुष्य का दैनिक व्यवहारिक तथा समाजिक जीवन नियंत्रित और विकसित होता है , मनु के अनुसार धर्म का आधार स्रोत वेद, स्मृति, सदाचार और आत्म संतुष्टि है तथा यही धर्म है ।४

धर्म नैतिक आचरण को अधिक महत्व देता है लेकिन परम्परा से चली आ रही धार्मिक व्यवस्था को भी स्वीकार करता है । वेदो और स्मृतिओं के लिए जो कर्तव्य निर्देशित है उनका निष्ठा पूर्वक पालन ही धर्म है । सदाचार काल और परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित होकर मनुष्य के गुणों का अंग बनता है । मनु यह मानते हैं कि सभी वेद धर्म का मूल है वेद की स्मृतियां और शील धर्म का मूल है संतो का आचार तथा उनके चित्त की संतुष्टि ही धर्म के मूल को लक्षित करती है ।५

धर्म नैतिक आचरण को पर अधिक बल देता है । लेकिन परम्परागत मान्यताएं जो प्राचीन काल से चली आ रही है उन पर अपनी सहमति प्रदान करता है याज्ञवल्क्य ने श्रुति, समृति, सदाचार तथा सम्यक संकल्प को महत्व दिया है ।६ सदाचार के अन्तर्गत सत्यता, आचरण और नैतिक व्यवहार को समावेशित किया गया है । धर्म का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है जिसमें शुचिता, दया, अनुशंसा, शुभ प्रवृत्ति, दानशीलता, सम्यक श्रम, आदि मुख्य रूप से उल्लिखित हैं ।

धर्म को तीन अवस्था के अनुसार तय किया गया है – समान्य धर्म , विशिष्ठ धर्म तथा आपद धर्म । समान्य धर्म में व्यक्ति के मानवतापूर्ण कर्मों का उल्लेख मिलता है जिसमें सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, दम, क्षमा, सेवा, शील, मधुर वाणी, शरणागत की रक्षा तथा अतिथि सेवा समान्य धर्म है। विशिष्ठ धर्म को स्वधर्म के रूप में माना गया है ।

अलग – अलग समय और परिस्थितियों में मनुष्य अपने विभिन्न कर्तव्य का निर्धारण करता है जिसमें वर्ण धर्म, आश्रम धर्म का समावेशण मिलता है । आपद धर्म के अनुसार किसी विशेष परिस्थिति में लिया गया निर्णय जो कि धर्म का मानदण्ड प्रस्तुत करता है । मनु के समान ही प्रशस्तपाद ने भी धर्म का वर्गीकरण किया है जिसमें समान्य तथा विशेष धर्म हैं समान्य धर्म सभी वर्ण तथा आश्रम पर समान रूप से लागू होते हैं । विशेष धर्म किसी विशेष वर्ण या आश्रम के लिए प्रयुक्त किया गया है । समान्य धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति नैतिक रूप से अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहतें हैं साथ ही धर्म के प्रति आस्था को महत्वपूर्ण अंग मानतें हैं । सभी धर्म का अनुपालन धर्म के रूप में किया जाना आध्यात्मिक रूप से मान्य है । धर्म का पालन आध्यात्मिक कल्याण की दृष्टि से होना चाहिए अतः मन मे श्रद्धा तथा सम्मान का होना आवश्यक है ।७

धर्म की बात आते ही शुभ तथा अशुभ की अवधारण का भी प्रश्न आ ही जाता है । शुभ – अशुभ के भेद का निराकरण नैतिक निर्णय के आधार पर फलिभूत होती है हमें क्या करना चाहिए यह आचार दर्शन की मूल समस्या के रूप उभरती है । कर्म स्वतंन्य के बिना उत्तरदायित्व अलग से परिलक्षित होने लगता है । यदि कोई मनुष्य अपने कर्म न करने के लिए स्वतंत्र नही है तो हम उसको अपने कर्म के लिए उत्तरदायि नही ठहरा सकते हैं ।

महर्षि जैमिनि के अनुसार जो लौकिक अथवा पारलौकिक अभ्युदय का साधन होता है वह धर्म शब्द से जाना जाता है शास्त्र में याग, दानादि क्रिया ब्रीहि आदि दुःख आरूढ्यादि गुणों में अभ्युदयसाधनत्व का प्रतिपादन किया गया है , क्रियारूप यागादि में साक्षात अभ्युदयसाधनता होती है । जिसप्रकार अभ्युदय का साधन यागादि वेदविहित होने कारण धर्म है उसी प्रकार अनअभ्युदय के साधन हिंसा, सुरापान आदि वेद निसिद्व होने के कारण अधर्म है ।

विधिवाक्य किसी कार्य में परिणति करते हुए प्रवृत्त पुरुष को अभ्युदय से युक्त कराना है तथापि निषेध वाक्य अनर्थ हेतुक कर्म से पुरूष को निहित कराता है ।

वेद में यज्ञ पद के साथ अभिन्न रूप में धर्म शब्द का प्रयोग होता है अपूर्व आदि में धर्म नही हो सकता अतः द्रव्य, गुण, कर्म आदि में धर्मता को स्थापित किया जाता है । यदि्प द्रव्यादि इन्द्रिय से प्रत्यक्ष है तथापि द्रव्यादि में धर्मता द्रव्यत्वादि रूप से नही है लेकिन श्रेय स्वर्गादि साधनत्व रूप से है । यह श्रेय साधनत्व केवल शास्त्र से ही ज्ञात होता है अतः यागादि ही श्रेय साधन रूप धर्म है ।

मंत्र एवं ब्राह्मण – सम्पूर्ण वेद धर्म और अधर्म का प्रतिपादक है । वेद वाक्यार्थ विचाररूप मीमांसाशास्त्र भी धर्म और अधर्म का विचार प्रस्तुत करता है । जैमिनि ने प्रथमतः धर्म जिज्ञासा का प्रतिपादन किया है धर्म शब्द अधर्म का उपलक्षण है । इसका कारण यह है जिस प्रकार धर्म ग्राह्य होने के कारण जिज्ञास्य है । ग्रहण करने के लिए ग्राह्य और त्याग करने के लिए त्याज्य का ज्ञान होना अपेक्षित है ।

धर्म का लक्षण करते हुए महर्षि जैमिनि ने यह स्पष्ट किया है कि चोदना पद चोदना क्रिया में प्रवृत्त कराने वाला वाक्य है चोदना पद से अर्थ तथा अनर्थ दोनो का वोध होता है ।८ चोदना सूत्र में स्थित अर्थ से अनर्थ हेतु हिंसा, सुरादि का बोध होता है जो निषेध वाक्य से प्रतिपादित होता है इसमें धर्मत्व की व्यावृत्ति होती है क्योंकि वे अभ्युदयन के धन नही हैं । चोदना लक्षण शब्द से अनर्थ हेतुभूत हिंसादि का प्रतिपादन न होने के कारण व्यापक अर्थ पद संगत नही होता है । अतः चोदना पर विधि और निषेध दोनो का वोध निश्चित रूप से होता है इसप्रकार निषेध वाक्य से प्रतिपादित हिंसा, सुरापान अधर्म शब्द से जाने जाते हैं ।

भारतीय दर्शन में धर्म के वैज्ञानिक तथ्यों पर भी प्रकाश दिया गया है । जिसमें अतःकरण की शुद्वता निहित है मानवीय कर्म का विभेदन धर्म के आधार पर दो प्रकार से किया गया है – जीवन पूर्वक जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने संचालित कर्म को करता है जिसमें सचेतन प्रयत्न नही पाया जाता है तथा द्वेष–इच्छा पूर्वक जिसमें प्राणी का सचेतन प्रयत्न का होना निश्चित है ।

धर्म का स्वरूप प्रायः कर्म के विधान से निर्धारित होता है , समयनुसार कर्म करने का तरिका बदल सकता है परन्तु धर्म का प्रधान बिन्दु हमेशा अपने मौलिक स्वरूप में होता है । धर्म का लक्षण

मीमांसा तथा वेदान्त में यज्ञ से लेकर ज्ञान की उन सभी अवधारणा को तय करता है जिसमें जीवन के परे भी मूल्यों का निर्धारण होता है ।

भारतीय दार्शनिक परम्परा में चाहे वह आस्तिक दर्शन हो या नास्तिक हो , प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में कर्म के माध्यम से धर्म के नैतिक स्वरूप को स्वीकार करते हैं । यदि व्यक्ति अनैतिक कर्म को करता है तो धार्मिक कृत्य के अनुसार पायश्चित कर्म की भी अनुशंसा मिलती है । प्रायश्चित कर्म दोष, पाप, कुकृत्य के संस्कार को नष्ट करने के लिए किया जाता है ।

अतः आचारहीन व्यक्ति के लिए धर्मशास्त्र में समाजिक अपमान का विधान मिलता है । व्यक्ति अपने कर्मो के कारण पतित होता है जिसका समाधान प्रायश्चित कर्मो के माध्यम से ही सम्भव है ।

मनुष्य अपने हित के लिए समाज का संगठित विकास करता है समाज व्यक्ति को स्वतंत्रता नही प्रदान करता है, वह समाजिक नियमों से वंधा होता है, समाज तथा व्यक्ति परस्पर एक दूसरे की रक्षा करते हैं जिसके फलस्वरूप वर्णाश्रम व्यवस्था वनाई गयी जिसका आधार धर्मशास्त्र ही है । धर्मशास्त्र की समाजिक व्यवस्था वेद पर आधारित है ।

प्राचीन भारतीय समाज वर्ण एवं जाति में विभाजित था, समाज का यह विभाजन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, भौगोलिक परिस्थितियों का परिणाम है । जिसके माध्यम से वह अपने कर्तव्य का पालन करता था और अपने जीवन काल में पूर्णता को प्राप्त करता है धर्म सभी नैतिक कार्यों का दर्पण अथवा नियम है धर्म कर्तव्यों का संग्रह है गीता में धर्म का अर्थ चतुर्वर्ण से लिया गया है ।९

अंततः यह स्पष्ट है कि धर्म वह आचार संहिता है जिससे जीवन का मौलिक स्वरूप तय होता है, धर्म के द्वारा कर्म के साथ-साथ उन समस्त गुणों का निर्धारण होता है जिसमें सम्पूर्ण मानव समाज का उत्थान सम्भव है ।

संदर्भ


१. यतोऽभ्युदयनिः श्रेयस सिद्धिः सः धर्मः । ६४ अध्यात्मोपनिषद

२. आचार-लक्षणो धर्म सन्तश्चरित्रलक्षणः ।
साधूनां च यथा वृत्तमेतदाचारलक्षणः ।। ५४/९ महाभारत अनुशासनपर्व

३. आचारः परमो धर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च ।
तस्मादांस्मन्सदा युक्तो नित्य स्यादात्मवान्द्विजः ।। मनुस्मृति १/१०८

४. वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
एतच्चतुर्विध प्रातुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ।। मनुस्मृति २/६/१२


५. वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम ।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ।। मनुस्मृति २/६

६. श्रुतिः समृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
सम्यक संकल्पजः कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम ।। १/७ याज्ञवल्क्य स्मृति

७. धर्म श्रद्दा, धर्म मनःप्रसादः । प्रशस्तपादभाष्य २.६३

८. चोदना लक्षणो अर्थः धर्मः । १.२ जै. सू.

९. स्वधर्मपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि । गीता २/२१


pratibha
RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES

ISSN-0974-522X
R.N.I.-UPHIN /2008/30056
ISRA Journal Impact Factor-3.817
UGC Approved journal SL No. – 47966 (Previous)

# श्रीप्रभु pratibha

## Research Journal of Humanities

**Intellectual effort on social values**

*A peer reviewed (Refereed) journal*

त्रिवेणी सेवा समिति, इलाहाबाद
आप्नोति स्वाराज्यम्

**Year-11, Volume-3&4, Part-44&45**
**July - December, 2019**

**Editor– Prabuddha Mishra**
**Co-editor– Pratyush Pandey**
**Pratibha Tiwari**

- रीतिकालीन श्रृंगार काव्य का पौराणिक पृष्ठाधार

  कपिल देव थपलियाल 46-49

- धर्म एवं विज्ञान का दार्शनिक दृष्टिकोण

  राजेश कुमार त्रिपाठी 50-60

- जम्मू कश्मीर : 370 एवं 35ए

  ओम प्रकाश पाण्डेय 61-73

- पंचायतीराज व्यवस्था एवं महिला सहभागिता

  ललिता पाण्डेय एवं अभिषेक त्रिपाठी 74-77

- गुणवत्तायुक्त प्राथमिक शिक्षा : एक तुलनात्मक अध्ययन

  जय प्रकाश पटेल एवं अंजू सिंह पटेल 78-86

- भारतीय किसान-समस्या और समाधान

  शशि कुमार पाण्डेय 87-91

- भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन : हिन्दी साहित्य

  रतन कुमारी वर्मा 92-94

- **A comparative study of emotional intelligence between students with and without hearing impairment**

  Chet Narayan Patel & Alok Kumar Upadhyay 95-99

- **Henrik Ibsen and Kamala Das as the Radical figure in the history of world Literature**

  Chhaya Malviya 100-103

श्रीप्रभु pratibha Part-44&45, July-December-2019, pg.-50-60.
R.N.I–UPHIN/2008/30056, ISSN-0974-522X, JIF-3.817

# धर्म एवं विज्ञान का दार्शनिक दृष्टिकोण

राजेश कुमार त्रिपाठी

**शोध पत्र सारांशः** यह रोचक विषय है कि एक ओर भारतीय दार्शनिकों को प्रयोगोन्मुखी और पाश्चात्य दार्शनिकों को सैद्धान्तिक कहा गया है तथापि दूसरी तरफ भारतीय दार्शनिकों को अवैज्ञानिक धर्मान्ध तथा पाश्चात्य दार्शनिकों को वैज्ञानिक और धर्म निरपेक्ष कहा गया है। इस प्रकार की चर्चाएं केवल लोकप्रिय सरलीकरण में ही नही रही वरन् विद्वत समाज की गम्भीर चर्चाओं मे भी पायी जाती है। धर्म दर्शन और विज्ञान, पूर्व और पश्चात्य के इन्हीं विवाद पर कुछ चिंतन को लेकर, मै इस प्रपत्र में कुछ प्रश्न तथापि अपनी समझ रखने का प्रयास कर रहा हूँ।

**संकेताक्षरः** प्रयोगवादी, सिद्धान्तवादी, उपकरणवादी, ईश्वरवादी, धर्म, भाषाई खेल, मूल्यात्मक, तथ्यात्मक, अद्वैती चिंतन, आर्ष, प्रत्ययात्मक भाषाई संज्ञान, अपरिवर्तनीय सत्ता, आचार, आध्यात्मिक गौरव, भौतिकवाद, राजनैतिक वर्चस्ववाद, तार्किक भाववाद, स्नेहपूर्ण सौहार्द।

**शोध प्रविधिः** प्रस्तुत शोध पत्र में मूल्यांकनात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग है।

**तथ्यः** धर्म का विज्ञान तथा दर्शन के साथ क्या सम्बन्ध रहा है, क्या आधुनिकता धर्म विरोधी विज्ञानपरक है, और क्या भारत में आधुनिकता का कोई मौलिक विचार विद्यमान नही था?

**तथ्य विश्लेषणः** हम सभी जानते कि न्यायसूत्र पर भाष्य लिखते हुए वात्स्यायन का मानना था कि बिना प्रमाण के वस्तुओं का ज्ञान नही होता है और वस्तु ज्ञान के बिना सफल कर्म प्रक्रिया सम्भव नही है। ज्ञाता वस्तु के अनुभव को वैध प्रमाण से प्राप्त करता है, वस्तु को प्राप्त करने और त्याग करने की इच्छा रखता है। वस्तु प्राप्त करने या त्यागने का प्रयत्न कर्म को उत्पन्न करता है तथापि कर्म की सफलता फल पर आधारित होती है। वस्तु का अनुभव करता हुआ ज्ञाता, वस्तु को प्राप्त करने या त्यागने की इच्छा रखते हुए उसे प्राप्त करता या त्याग करता है। किसी वस्तु या सुख का कारण अवश्य होता है। यह कारणात्मक श्रृंखला कुछ इस प्रकार से तय होती है कि ज्ञान से इच्छा, इच्छा से प्रयत्न, प्रयत्न से कर्म और कर्म से सफलता या विफलता निर्धारित होती है, निश्चय ही यह धारणा एक सिद्धान्त और प्रयोग के सम्बन्ध को एक सहज स्वाभाविक सम्बन्ध के रूप में प्रस्तुत करती है।